

# महात्मा फुले की जयंती 'शिक्षा और संकल्प दिवस' के रूप में मनी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 11 अप्रैल।** एकीकृत शासकीय विद्यालय, शिकारी पुरा में शनिवार को आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक और शिक्षा की अलख जगाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती 'शिक्षा और संकल्प दिवस' के रूप में भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और दिनभर विविध ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों की धूम रही।



### महापुरुष को नमन एवं पुष्पांजलि

समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक गणों की उपस्थिति में महात्मा ज्योतिराव फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ हुआ। उपस्थित जनों ने महापुरुष के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके द्वारा समाज को दी नई दिशा को याद किया।

**वक्ताओं ने रेखांकित किया महात्मा फुले का योगदान :** आयोजित विशेष संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षकों ने कहा कि महात्मा फुले केवल एक समाज सुधारक नहीं, बल्कि एक युगदृष्टा थे। उन्होंने उस कालखंड में दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के लिए शिक्षा की नींव रखी जब यह अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। उनके द्वारा रचित 'गुलामगिरी' और 'शेतकऱ्याचा आसूड' जैसे साहित्य आज भी हमें सामाजिक समानता और किसानों के हितों के लिए प्रेरित करते हैं।

### कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

विद्यार्थियों का संबोधन: छात्रों ने महात्मा फुले के प्रेरक प्रसंगों और उनके संघर्षों पर ओजस्वी भाषण दिए।

**सामूहिक शपथ:** समस्त शिक्षक गणों और स्टाफ ने समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाने और हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने का सामूहिक संकल्प लिया। **प्रतियोगिता:** जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



## महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर निकला चल समारोह

**मुरैना, 11 अप्रैल।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें कुशवाह समाज के हजारों लोग शामिल हुए। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते इस जुलूस में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और फुले जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। चल समारोह के दौरान आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और जयकारों से पूरा माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने फुले जी के सामाजिक सुधार, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मार्ग में अनेक स्थानों पर चल समारोह का आत्मीय अभिनंदन किया गया।



## एक बगिया माँ के नाम : प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित

**मुरैना, 11 अप्रैल।** अम्बाह जनपद के सभाकक्ष में 'एक बगिया माँ के नाम' योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव के निर्देशन में आयोजित हुई, जिसमें एपीओ जिला पंचायत तिलक सिंह कुशवाह एवं जिला परियोजना प्रबंधक (आजीविका मिशन) दिनेश सिंह तोमर उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान रोजगार सहायकों एवं एनआरएलएम की कृषि सखियों को उनके ग्राम पंचायतों में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें पेड़-पौधों के रोपण, फेंसिंग तथा गड्ढे खोदने जैसे कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि जिन हितग्राहियों द्वारा बगिया तैयार कर ली गई है या फेंसिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उन्हें लेबर एवं मटेरियल क्रय के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। आजीविका मिशन के डीपीएम दिनेश सिंह तोमर ने कहा कि जो हितग्राही प्रारंभ में फेंसिंग कराने में असमर्थ हैं, वे स्वयं सहायता समूह से ऋण लेकर कार्य प्रारंभ कर सकते हैं, बशर्ते उन्होंने पूर्व में ऋण न लिया हो। बैठक में एपीओ सतेंद्र माहौर सहित जनपद एवं आजीविका मिशन का स्टाफ उपस्थित रहा।

# छात्र-छात्राओं को पास्को एक्ट की दी जानकारी

### न्यायाधीशों द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 11 अप्रैल।** अजय कुमार चौहान द्वितीय जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ की अध्यक्षता में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सबलगढ़ में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सहायता योजना) के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि छोटे बच्चों के साथ ज्यादातर यह अपराध जान पहचान एवं परिचित वालों के द्वारा किए जाने की घटनाएं सामने आती हैं। अपने साथ होने वाले अपराध को छुपाने से अपराधियों की हौसले बुलंद होने वाली बात करते हुए कहा कि पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पीड़िता और उसके परिवार के व्यक्तियों की पहचान पूर्णतया गोपनीय रखी जाती है।

अपराध के संबंध में भगवान श्री कृष्ण एवं अर्जुन के संवाद का उदाहरण देते हुए बताया कि महाभारत के युद्ध के दौरान अर्जुन ने श्री कृष्ण से कहा कि सामने तो मेरे बंधु है मैं किससे युद्ध करूं इसके संबंध में श्री कृष्ण ने अर्जुन से अन्याय ही अपराध है और अपराधी अपना बंधु नहीं कहते हुए कहा कि अन्याय सहकर चुप रहना महादुष्कर्म है न्यायार्थ हेतु बंधु को भी दंड देना हितकर है। पोक्सो एक्ट की जानकारी के अतिरिक्त नि:शुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता, गुड टच बैड टच एवं न्यायिक कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी देने के साथ-सा कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं विद्यालय के कर्मचारीगण के कानूनी जिज्ञासा से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर विधिक जागरूक किया।

उक्त आयोजित कार्यक्रम में बीईओ ऑफिस से हरिओम मरैया एवं विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**मुरैना, 11 अप्रैल।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर के साथ मुरैना तहसील के अंतर्गत अध्यापक शिक्षक शिक्षिकाओं ने टेट परीक्षा के विरोध में रैली निकाल कर तथा वरिष्ठता के हनन को लेकर सरकार के विरोध में रोष प्रकट करते हुए तहसील मुरैना पर प्रदर्शन किया गया तथा अपनी मांगों का ज्ञापन जिसमें टेट परीक्षा का आदेश रद्द हो तथा सुप्रीम कोर्ट में सरकार पुनर्विचार याचिका को लेकर जाए जिसमें शिक्षकों का पक्ष रखा जाए तथा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए आदि मांगों को लेकर आज का नेतृत्व जिला संयोजक मुन्नालाल शर्मा तथा रामनरेश दंडोतिया तथा देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में तहसील मुरैना का संपन्न हुआ। जिसमें ज्ञापन ब्लॉक संयोजक प्रशांत पाराशर के द्वारा सौंपा गया। रैली में मुख्य रूप से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष शिक्षक शामिल थे। ज्ञापन नायब तहसीलदार तहसील मुरैना को सौंपा।

# सुदामा चरित्र के साथ कथा का समापन

## रुक्मणी विवाह साहस, अटूट विश्वास एवं प्रेम की कथा है : श्याम दास जी महाराज

मुरैना। रुक्मणी विवाह साहस, अटूट विश्वास एवं प्रेम की कथा है। यह बात रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए भागवत आचार्य महंत श्री श्याम दास जी महाराज ने अपने मुखारविंद से कही। दाऊजी पेट्रोल पंप के सामने सुरेशानंद जी महाराज बाबू बाबा के दरबार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन सुदामा चरित्र की कथा के साथ हुआ।



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए श्याम दास जी महाराज ने कहा कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी ने जब भगवान कृष्ण को अपना जीवन साथी मान लिया, तब उन्होंने समाज और परिवार की दावों की परवाह किए बिना अपने हृदय की आवाज को प्राथमिकता दी। उनका यह निर्णय उस समय की परंपराओं की विरुद्ध था, क्योंकि उनके भाई ने उनका विवाह किसी और से तय कर दिया था। ऐसी कठिन स्थिति में रुक्मणी ने कृष्ण को संदेश भेज कर अपने प्रेम और समर्पण का इजहार किया। भगवान कृष्ण ने भी उनके विश्वास को सार्थक करते हुए विवाह मंडप से उनका हरण कर लिया और उन्हें अपने साथ द्वारका ले गए। श्री श्याम दास जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से सुदामा चरित्र का वर्णन कर सैकड़ों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान संगीतमय भजनों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं के सम्मुख आकर्षण का केंद्र बनी रही।

श्रद्धालुओं ने भजनों पर भावपूर्ण नृत्य कर अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। परीक्षित की भूमिका निभा रहे पंडित सुरेश आनंद जी महाराज बाबू बाबा ने भी नृत्य कर सभी को आनंदित किया। प्रसाद भी उन्होंने वितरित किया।



## पटियारे वाली माता का वार्षिक मेला आयोजित

**मुरैना/जौरा, 11 अप्रैल।** निकटवर्ती नरहेला पंचायत में स्थित जय माँ बिजासन पटियारे के दरबार में वार्षिक मेला जात का आयोजन भक्ति भाव के साथ किया गया। माता रानी के इस दरबार में वैसे तो नित्य भजन कीर्तन पूजा पाठ का आयोजन होता रहता है, लेकिन वार्षिक मेले के आयोजन के अवसर पर माता रानी के दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही भक्तों की भीड़ आना प्रारंभ हो गया, वहीं दूसरी तरफ जगत जननी के प्रांगण में लगे चाट, फल, मिठाई आदि दुकानों पर भीड़ का नजारा भी था। माता रानी की जिन भक्तों पर कृपा रही उनकी मन्नत पूरी हो गई। उक्त भक्त लोग अपनी समर्थ के अनुसार माता रानी के दरबार में चढ़ावा भी चढ़ा रहे थे। कन्या भोज भी कर रहे थे। कई भक्त लोगों ने नेजा भी चढ़ाया। देर रात तक माता रानी के दरबार में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। भजन कीर्तनों का आयोजन भी होता रहा। जगत जननी के दरबार की पुजारी श्रीमती विजयलक्ष्मी, पवन शर्मा के सानिध्य में दरबार में समस्त धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। माता रानी के दरबार की मान्यता है कि सच्चे मन से जो भी भक्त मुराद मांगते हैं माता रानी उनकी मुराद अवश्य पूरी करती हैं।

### हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए कौशल एवं तकनीकी विकास योजनान्तर्गत प्रस्ताव 17 तक

**मुरैना, 11 अप्रैल।** हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में कौशल एवं तकनीकी विकास योजनानार्गत वर्ष 2026-27 के लिये आबंटन मांग पत्र आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प को भेजा जाना है। योजना का उद्देश्य प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों, स्व-सहायता समूहों, उद्यमियी व्यक्तिगत बुनकरों, शिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाना ग्रामोद्योग उत्पादों को बाजार योग्य बनाने के लिए तकनीकी सपोर्ट प्रशिक्षण विशेषज्ञों की सेवाएं, उन्नत उपकरण शिक्षण संस्थाओं जिले के बुनकरों, शिल्पियों के युवाओं को प्रशिक्षण दौरान छात्रवृत्ति एवं अन्य प्रासंगिक व्ययों की पूर्ति हेतु सहायता प्रदान करना है। इसके लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए कौशल एवं तकनीकी विकास योजनान्तर्गत प्रस्ताव 17 अप्रैल तक आमंत्रित किए हैं।

# अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे डम्पर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 11 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ द्वारा जिले में रेत एवं पत्थर के अवैध रूप से परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह श्री रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना पोरसा पुलिस द्वारा अवैध रेत का परिवहन करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 डम्पर कीमती करीबन 20 लाख की जब्त किया गया।



दिनांक 11.04.2026 को थाना पोरसा पुलिस द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर भिण्ड बाईपास पर चैकिंग लगाकर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए 01 आरोपी को मय डम्पर के पकडकर वाहन को चैक किया गया, तो उक्त डम्पर में रेत भरा होना पाया गया, जिसके संबंध में चालक से वैध दस्तावेज चाहे गए तो न होना बताया गया, तदोपरांत मौके से उक्त डम्पर कीमती करीबन 20 लाख को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

बाद थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 76 / 26 धारा 303 ( 2 ) बीएनएस, धारा 18 (1) म.प्र. खनिज अवैध परिवहन भण्डारण निवारण अधिनियम 2006, धारा 4 / 21 खान अधिनियम 1952 एवं एम. व्ही. एक्ट की धारा 103,177,51 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अग्रिम कार्यवाही हेतु वन विभाग को सूचित किया गया, जिनके द्वारा जब्तशुदा डम्पर को राजसात किए जाने संबंधी कार्यवाही की जावेगी।



## भागवत कथा का समापन, 10 हजार लोगों ने प्रसादी ग्रहण की

**मुरैना/अम्बाह, 11 अप्रैल।** महाराणा प्रताप पार्क के सामने आसपास के व्यापारियों और साधु-संतों के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा का समापन शनिवार को हुआ। माहौल श्रद्धा और भक्ति से भरा रहा। अंतिम दिन विशाल भंडारा लगा। भीड़ सुबह से देर शाम तक रही। भंडारा सुबह करीब 11 बजे शुरू हुआ। देर शाम तक लगातार चला। नगर और आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे। प्रसादी ग्रहण की। आयोजकों के अनुसार 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भंडारे में भाग लिया। समापन पर साधु-संतों के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रम हुए। स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों ने भंडारे की व्यवस्था संभाली।




## शहीद वनरक्षक की याद में निकला कैंडल मार्च

**मुरैना, 11 अप्रैल।** शहीद वनरक्षक हरिकेश गुर्जर की स्मृति में शनिवार शाम को शहर में भावुक माहौल के बीच कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च पुलिस लाइन मुरैना से शुरू होकर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय तक पहुंचा, जहां सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च में वन विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद हरिकेश गुर्जर के बलिदान को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि उनकी शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा और यह समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में 'वन परिवार का हर कदम उनको श्रद्धांजलि हो' संदेश के साथ सभी ने एकजुट होकर श्रद्धांजलि दी।

## छात्र-छात्राओं को किया एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक

**मुरैना/जौरा, 11 अप्रैल।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड जौरा द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं व मेंटर्स द्वारा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस सेमिल की अनुमति व मार्गदर्शन में सिविल हॉस्पिटल जौरा का अतिरिक्त कक्षाओं के तहत भ्रमण किया गया। जिसके तहत सिविल हॉस्पिटल में टीबी, आरकेएस, दंत, कुष्ठ,नेत्र विभाग सहित आईसीटीसी का भ्रमण किया गया। परामर्शदाता सीटीसीआई संदीप सेंगर ने आउटरीच गतिविधि के तहत सभी लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरुक करते हुए एचआईवी संक्रमण होने के चार कारणों को विस्तार से समझाते हुए बचाव के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के मेंटर्स श्रीमती आरती जादौन, विनोद शर्मा, रामबीर खरे, श्रीकुमार शर्मा, कमल किशोर सहित नवांकुर संस्था मानपुर पृथ्वी से अलकेश राठौर सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## टेरर टैक्स न देने पर फायरिंग करने वाले 2 अपराधी गिरफ्तार

**मुरैना/अम्बाह, 11 अप्रैल।** पोरसा चौराहा स्थित मेडिकल स्टोर पर 25 लाख रुपये का 'टेरर टैक्स' न देने पर फायरिंग करने वाले दो अपराधियों को थाना अंबाह पुलिस ने नगर निरीक्षक वीरेश कुशवाहा के मार्गदर्शन में धर दबोचते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल की रात करीब 12:30 बजे मेडिकल संचालक विकास गुप्ता के मोबाइल पर कॉल कर गुल्ली तोमर नामक व्यक्ति द्वारा 25 लाख रुपये की व्यवस्था दो दिन में करने की धमकी दी गई थी। पीड़ित ने उस समय इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद 5 अप्रैल की दोपहर करीब 3:30 बजे तीन व्यक्ति स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से पोरसा चौराहे पर पहुंचे और विकास गुप्ता के मेडिकल पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान पांच राउंड में से एक राउंड काउंटर पर और दूसरा शटर में जा लगा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जांच में सामने आया कि इस पूरी साजिश में गुल्ली तोमर की भूमिका थी, जिसने भिंड जिले के अमायन निवासी अंशू श्रीवास को घटना के लिए बुलाया था।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंशू श्रीवास को भिंड से गिरफ्तार किया। वहीं, एमएलडी कॉलोनी निवासी छोटू उर्फ शिवाकर तोमर को भी पुलिस ने हिरासत में लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का घटना स्थल और उसी समय पर जुलूस निकालते हुए थाना परिसर तक पैदल मार्च कराया, जिससे आमजन में सुरक्षा का संदेश गया और अपराधियों में भय का माहौल बना। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना-जौरा, 11 अप्रैल।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की परिप्रेक्ष्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना के संबंध में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा विकासखंड जौरा ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया। 11 अप्रैल को ज्ञापन देने से पूर्व सैकड़ों की संख्या में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के लोग एमएस रोड पर पुराने बस स्टैंड से रैली के रूप में अपनी मांग के समर्थन में पैदल एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में लिखा था कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन टीईटी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में निवेदन है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना 10 अगस्त 2010 को देखा जावे। ज्ञापन में यह भी लिखा था कि वर्ष 2011 से 2014 के मध्य गुरुजी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को छूट प्रदान की गई है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में भी उक्त छूट का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद विभागीय आयुक्त द्वारा समस्त सेवारत नॉन टीईटी शिक्षकों को उत्तीर्ण करने हेतु बाध्य किया जाना अधिसूचना के प्रावधानों एवं माननीय न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत है। इसलिए लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 02 मार्च 2026 तथा आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश द्वारा दिनांक 26 मार्च 2026 को जारी आदेशों को तत्काल नष्ट करने की कृपा करें। इस अवसर पर उमेश शर्मा, रविशंकर शर्मा, संजय शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, पुष्पा शर्मा, उर्मिला, नीरज, अंजू, नीतू, सुनीता, कल्पना, मंजू, राजेश दुबे, मुन्नी, सत्येंद्र तिवारी, मुन्नालाल यादव, राजकिशोर शर्मा, प्रमोद शर्मा, रामअवतार प्रजापति, अशोक त्यागी, अशोक मौर्य, कन्हैया त्यागी, कौशल शर्मा, चंद्रेश उपाध्याय, प्रमोद सिंह सिकरवार, पंकज शर्मा, उदय रावत, शैलेंद्र शर्मा सहित काफी संख्या में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के शिक्षकगण उपस्थित रहे।




### जौरा में आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**मुरैना/जौरा।** आज 12 अप्रैल रविवार को सब स्टेशन पर अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9:00 से दोपहर 12:00 बजे तक बंद रहेगी। अधिकारी एवं कर्मचारियों का कहना है कि समय आवश्यकता अनुसार घटाया एवं बढ़ाया भी जा सकता है।

## शिक्षकों ने रैली निकाली, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सबलगढ़, 11 अप्रैल।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश द्वारा आज टी ई टी परीक्षा के विरोध में आज नगर में रैली निकाल कर राष्ट्रपति राज्यपाल ओर मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम मेघा तिवारी को सभी शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा शिक्षकों ने मिडिल स्कूल नंबर एक पर एकत्रित होकर नगर के प्रमुख मार्गो एम एस रोड से होकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय पर पहुंचकर टी ई टी परीक्षा के विरोध में एस डी एम मेघा तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय एवं आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के नॉन टी ई टी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एन सी ई टी की अधिसूचना दिनांक 24 अगस्त 2010 की कंडिका 4 क ग़ में 3 सितंबर 2001 के पश्चात नियुक्त शिक्षक वर्ष 2011 से 2014 तक नियुक्त गुरुजी से संविदा शिक्षक एवं 2001 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी परीक्षा से छूट दी गई है सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में भी उस छूट का उल्लेख किया गया है इसके बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा सभी नॉन टी ई टी शिक्षकों को टी ई टी उत्तीर्ण करने हेतु बाध्य किया जा रहा है जो सर्वोच्च न्यायालय की भावना के विपरीत है जिससे प्रदेश के एक लाख पचास हजार शिक्षको टी ई टी परीक्षा से मुक्त कर उन्हे मानसिक तनाव से बचाए यदि शिक्षकों को टी ई टी परीक्षा से मुक्त नहीं किया गया तो आने वाली 18 अप्रैल को भोपाल में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।